Regd. Office -301, 3RD FLOOR, SHALIN COMPLEX, SECTOR ,GUJARAT- 382011, Gujarat, India
Email id: sanginitachemicals@yahoo.com, Website: www.sanginitachemicals.co.in, Mobile : 8796102401

NOTICE

Dear Members,
1. Notice is hereby given that the (03/2026-27)Extra-Ordinary General Meeting ("EGM") of members of the AGASTYA ENERGY AND INFRASTRUCTURE LIMITED(formerly known as Sanginita Chemicals Limited) ("Company") will be convened on Wednesday, the 07th day of October, 2026 at 03:00 P.M. (IST) through Video Conferencing ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM") without the physical presence of the members in compliance with all applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("the Act") and the Rules made thereunder read with General Circular Nos. 14/2020, 17/2020, 20/2020,02/2021, 19/2021, 21/2021, 0202022, 10/2022, 09/2023, 09/2024 and 03/2025 dated April 8, 2020, April 13,2020, May 5, 2020, January 13, 2021, December 08, 2021, December 14, 2021, May 05, 2022, December 28, 2022, September 25, 2023, September 19, 2024 and September 22, 2025 respectively issued by Ministry of Corporate Affairs ("MCA") (collectively referred to as "MCA Circulars") and other relevant circulars issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI Circulars"), to transact the business set out in the Notice calling the EGM. Members attending the EGM through VC/OAVM will be counted for the purpose of ascertaining the quorum under Section 103 ofthe Act.
2. In accordance with the said MCA circulars and SEBI Circulars, the Notice of EGM will be sent only through electronic mode to those Members whose email addresses are registered with the Company/Registrar and Share Transfer Agent ("RTA") or with Depository Participant ("DP")/ Depository.
3. Members who have not registered their email addresses with the Company/RTA or DP/Depository may please follow below instructions to register your email address for obtaining Notice of EGM:

Physical Holding	Send a request to RTA of the Company i.e. Purva Sharegistry India Pvt Ltd at Unit No. 9, Ground Floor, Shiv Shakti Ind. Estt, J. R. Boricha Marg, Lower Parel East, Shastri Nagar, Adarsh Nagar, Worli, Mumbai, Maharashtra 400011 and email at support@purvashare.com.
Demat Holding	Please contact your DP and register your email address and bank account details as per the process advised by DP.

4. Manner of casting vote(s) through e-voting: The Company will provide its members with a facility for remote e-voting through electronic voting services arranged by CDSL. Electronic voting shall also be made available for the members participating in the EGM. Details regarding the same will be provided in the Notice of the EGM and will also be made available on the Company's website viz. www.sanginitachemicals.co.in. The Members may generate login credentials by following instructions given in the Notes to Notice of the EGM for remote e-voting and e-voting at EGM. The same login credentials may also be used for attending the EGM through VC/OAVM.
The Notice will also be available on the website of the Company at www.sanginitachemicals.co.in, on website of the Stock exchange i.e. National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com and also on the website of **Central Depository Services Limited** at https://www.evotingindia.com/.
Please write to the Secretarial Department of the Company at Agastya Energy And Infrastructure Limited (formerly known as Sanginita Chemicals Limited), Email: sanginitachemicals@yahoo.com and/or to Registrar & Share Transfer Agent of Company at Purva Sharegistry India Pvt Ltd, Email: support@purvashare.com for any assistance. Members are required to quote their folio number/DP-ID- Client ID in all correspondence with the Company/Registrar & Share Transfer Agent of the Company

For Agastya Energy And Infrastructure Limited
(formerly known as Sanginita Chemicals Limited)
Sd/-
Gaurav Kumar Tripathi
Whole-time Director
DIN : 06372272

Date : 13.09.2026
Place : Noida

विशाखापट्टनम में 41वें आईएटीओ वार्षिक कन्वेंशन में एफएचटीआर ने आरडीटीएम और एमटीएम का प्रचार किया

देशभर के ट्रैवल ट्रेड प्रतिनिधियों को आयोजन में शामिल होने का दिया आमंत्रण, आरडीटीएम और एमटीएम के पोस्टर का विमोचन

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) के प्रतिनिधिमंडल ने विशाखापट्टनम में आयोजित 41वें इंडियन एसोसिएशंस ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) वार्षिक कन्वेंशन में भाग लिया। इस अवसर पर एफएचटीआर की ओर से आगामी राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) और मारवाड़ ट्रैवल मार्ट (एमटीएम) के पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने देशभर से आए ट्रैवल ट्रेड प्रतिनिधियों को दोनों आयोजनों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

एफएचटीआर प्रतिनिधिमंडल ने कन्वेंशन में राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न अवसरों और आगामी ट्रैवल मार्ट्स के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में एफएचटीआर का प्रतिनिधित्व एफएचटीआर के वाइस प्रेसिडेंट एवं आईएटीओ के को-चेयरमैन, महेंद्र सिंह राठौड़ ने किया। इस दौरान सीनियर एडिशनल डायरेक्टर, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार, आनंद त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि आरडीटीएम और एमटीएम का उद्देश्य राजस्थान के पर्यटन उत्पादों को देश के विभिन्न बाजारों तक पहुंचाना और राज्य के होटल व्यवसायियों, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स तथा अन्य पर्यटन हितधारकों के बीच व्यावसायिक संपर्क को मजबूत करना है। कार्यक्रम में आईएटीओ के प्रेसिडेंट रवि गोसाईं; आईएटीओ के सीईओ राहुल चक्रवर्ती; आईएटीओ के पास्ट प्रेसिडेंट राजीव मेहरा; आईएटीओ के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रजनीश कैश्ता; आईएटीओ के वाइस प्रेसिडेंट संजय राजदान; आईएटीओ के कोषाध्यक्ष, दीपक भटनागर; एफएचटीआर के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जोधा; आईएटीओ के सेक्रेटरी सुनील मिश्रा और ब्लू सिटी-जोधपुर के प्रेसिडेंट गजराज सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि आरडीटीएम और एमटीएम का आयोजन फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। आरडीटीएम के छठे संस्करण का आयोजन जयपुर में 17 से 19 सितंबर 2026 तक, जबकि पहला मारवाड़ ट्रैवल मार्ट (एमटीएम) जोधपुर में 20 से 22 सितंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

भारत के कुल कोयला उत्पादन में एसईसीएल का योगदान 17 प्रतिशत है : सरकार

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) देश के कोयला उत्पादन क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में शामिल है और वित्त वर्ष 2025-26 में इसने भारत के कुल कोयला उत्पादन में लगभग 17 प्रतिशत योगदान दिया है। वहीं, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के कुल उत्पादन में एसईसीएल की हिस्सेदारी करीब 23 प्रतिशत रही। कोयला मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के कोयला क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। पारदर्शिता बढ़ाने, परिचालन दक्षता सुधारने, तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, कारोबारी सुगमता और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई नीतिगत एवं संरचनात्मक सुधार लागू किए गए। इन कदमों के कारण खनन योजनाओं का आधुनिकीकरण हुआ, निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज हुई और कोयले की ढुलाई के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिली।

इन सुधारों का असर राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाई दिया है। भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में लगातार दूसरे वर्ष 1 अरब टन से अधिक कोयला उत्पादन का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया, और और देश का कुल कोयला उत्पादन बढ़कर 1.04 अरब टन (अनंतिम) तक पहुंच गया। वर्तमान में भारत की लगभग 73 प्रतिशत बिजली उत्पादन जरूरतें कोयले पर आधारित हैं, इसलिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में इस क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कोयला क्षेत्रों में परिचालन करने वाली सीआईएल की मिनी रत्न कंपनी एसईसीएल इस उपलब्धि की प्रमुख भागीदार रही है। स्थापना वर्ष 1985-86 में जहां कंपनी का उत्पादन केवल 34.2 मिलियन टन था, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 176.28 मिलियन टन तक पहुंच गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एसईसीएल का कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2013-14 के 124.26 मिलियन टन से बढ़कर 2025-26 में 176.28 मिलियन टन हो गया। इसी अवधि में कंपनी की कोयला आपूर्ति 122.03 मिलियन टन से बढ़कर 178.63 मिलियन टन पहुंच गई, जो 46 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाती है।

2033 तक भारत की स्पेस इकोनॉमी 4.22 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है : रिपोर्ट

नई दिल्ली | एजेंसी

नीतिगत सुधारों, निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और अंतरिक्ष आधारित सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण भारत की स्पेस इकोनॉमी 2033 तक बढ़कर 4.22 लाख करोड़ रुपए (44 अरब डॉलर) तक पहुंच सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

ईवाई और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के जरिए किए गए सुधारों और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) की भूमिका ने सरकारी नेतृत्व वाले अंतरिक्ष कार्यक्रम से अधिक उद्योग-केंद्रित इकोसिस्टम की ओर बदलाव की नींव रखी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुमानित वृद्धि हासिल करने के लिए अगले 7-8 वर्षों में सरकारी एजेंसियों, उद्योग, स्टार्टअप्स, निवेशकों, अकादमिक संस्थानों और रणनीतिक उपयोगकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा।

जानकारी के अनुसार देश के स्पेस सेक्टर को तेजी से बढ़ाने के लिए रिपोर्ट में कार्रवाई के लिए छह प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान की गई है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अंतरिक्ष आधारित एप्लिकेशन के इस्तेमाल को बढ़ाना, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और लॉन्च क्षमता को मजबूत करना, नियामकीय और वित्तीय माहौल में सुधार, व्यावसायिक इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सरकारी मांग का लाभ उठाना, रक्षा और रणनीतिक अंतरिक्ष क्षमताओं को मजबूत करना और भारत को वैश्विक स्पेस पार्टनर और स्पेस एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करना शामिल हैं। इसके अलावा, पूरी स्पेस वैल्यू चेन में सैटेलाइट मैन्युफैक्चरिंग, लॉन्च व्हीकल, प्रोपल्शन सिस्टम और एवियोनिक्स जैसी अपस्ट्रीम गतिविधियां शामिल हैं। इसके बाद मिडस्ट्रीम सेगमेंट में ग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और सैटेलाइट ऑपरेशंस आते हैं, जबकि डाउनस्ट्रीम एप्लिकेशंस में अर्थ ऑब्जर्वेशन (ईओ), सैटेलाइट कम्युनिकेशन, नेविगेशन सेवाएं और जियोस्पेशियल एनालिटिक्स शामिल हैं।

सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन स्पेस के चेयरमैन मल्लावरपु अप्पाराव ने कहा कि भारत का स्पेस सेक्टर वैज्ञानिक खोज के कार्यक्रम से आगे बढ़कर सैटेलाइट आधारित सेवाओं और एप्लिकेशंस से समर्थित इनोवेशन-ड्रिवन इकोनॉमी बन गया है। ईवाई इंडिया में एयरोस्पेस, डिफेंस एंड स्पेस के पार्टनर सीडीआर गौतम नंदा ने कहा कि विकास के अगले चरण के लिए औद्योगिक क्षमता बढ़ाना, तकनीकों का व्यावसायीकरण करना, सप्लाई चेन मजबूत करना और सैटेलाइट से मिलने वाले डेटा को व्यावसायिक, सार्वजनिक और रणनीतिक क्षेत्रों के लिए उपयोगी सेवाओं में बदलना महत्वपूर्ण होगा।

आर्च कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस, जयपुर का 24वाँ दीक्षांत समारोह सम्पन्न

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

ARCH कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस का 24वाँ दीक्षांत समारोह आज कॉलेज परिसर में अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न डिजाइन कार्यक्रमों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियाँ और सम्मान प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुऐ:-

कॉन्वोकेशन के की-नोट स्पीकर, विजय गोलछा, कॉफाउण्डर एवं डॉयरेक्टर, गोलचा ज्वेल्स।

डॉ. राहुल मिश्रा, स्टेट डॉयरेक्टर, केवीआईसी, MSME, Govt. of India.

रजत वर्मा, असिसटेंट डॉयरेक्टर, DCH, Jaipur

इस समारोह में बिनोय थुम्पुनकल, डॉयरेक्टर इन्टरनेशनल, आर्च, सिद्धार्थ मोहन्ती, कॉओर्डिनेटर, आर्च एवं समस्त फेलल्टी एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

समारोह की अध्यक्षता आर्च कॉलेज ऑफ डिजाईन कि डॉयरेक्टर अर्चना सुराणा ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने डिजाइन क्षेत्र में उभरते अवसरों, नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मक नेतृत्व पर अपने विचार साझा किए।

ARCH की निदेशक आर्चना सुराना ने दीक्षांत समारोह के अवसर पर कहा कि 'डिजाइन केवल एक कौशल नहीं, बल्कि सोचने, देखने और समाज में परिवर्तन लाने का तरीका है। हमारे विद्यार्थी आज केवल डिग्री नहीं, बल्कि एक दृष्टि, एक जिम्मेदारी और भविष्य को गढ़ने की क्षमता लेकर आगे बढ़ रहे हैं। ARCH का मिशन हमेशा से रहा है कि हम ऐसे क्रिएटिव और कॉन्फिडेंट प्रोफेशनल तैयार करें जो दुनिया में सार्थक प्रभाव छोड़ें।' इस अवसर पर वक्ताओं ने डिजाइन क्षेत्र में उभरते अवसरों, नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मक नेतृत्व की भूमिका पर विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को बदलती वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था में नई संभावनाओं को अपनाने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस कॉन्वोकेशन में 75+ कॉन्वोकेटिंग स्टुडेन्ट्स को सर्टिफिकेट प्रदान किये गये।

कॉन्वोकेशन के विभिन्न केटेगरी में अवार्डस प्रदान किये गए :

Best overall performance: Shagun Gupta, B.Des Interior design

Innovative Student: Sukanya Sen, B.Des Fashion Design

Academic Excellence award: Sakshi Biyani, Rishi Mehta, Ishika Lohia & Devanshi Rander, Bhumika Srivastava, Pranjal Thadnani

Alumni E&cellence Award: Sukriti Banthia, Narendra Saini, Rohit Paliwal & Pooja Vijayvergiya

इस अवसर पर वक्ताओं ने डिजाइन क्षेत्र में उभरते अवसरों, नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मक नेतृत्व की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को बदलती वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था में नई संभावनाओं को अपनाने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

ARCH कॉलेज, जो इस वर्ष अपनी सिल्वर जुबली के 25 वर्षों की उपलब्धियोंकृका उत्सव मना रहा है, ने वर्षों से डिजाइन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। कॉलेज द्वारा प्रस्तुत B-Des तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के Pearson BTEC कार्यक्रम, साथ ही उद्योग आधारित प्रोजेक्ट्स, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, और समुदाय आधारित पहलें छात्रों को वास्तविक अनुभव और वैश्विक Exposure प्रदान करती हैं। दीक्षांत समारोह में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, नवोन्मेषी प्रोजेक्ट्स और उपलब्धियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह का समापन छात्रों, अभिभावकों और फैकल्टी के बीच उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

23वें आर्केसिया फोरम का जयपुर में समापन, जयपुर की ऐतिहासिक धरोहरों के बीच पहुंचा आर्केसिया फोरम, हैरिटेज वॉक में दिखी वास्तुकला की समृद्ध विरासत

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) द्वारा आयोजित और आर्किटेक्ट तुषार सोगानी द्वारा कन्वेंड 23वें आर्केसिया फोरम का जयपुर में समापन हुआ। फोरम में एशिया भर से 2,000 से अधिक आर्किटेक्चरल प्रोफ़ेशनल्स, एजुकेटर्स, स्टूडेंट्स और डिज़ाइन प्रैक्टिशनर्स ने भाग लिया। 23वें आर्केसिया फोरम के तहत आयोजित हैरिटेज वॉक में देश-विदेश से आए आर्किटेक्ट्स ने जयपुर की समृद्ध स्थापत्य विरासत को करीब से जाना। प्रतिभागियों ने ऐतिहासिक इमारतों, हवेलियों और पारंपरिक वास्तुकला की खूबसूरती को देखा। इस दौरान उन्होंने शहर के इतिहास, संस्कृति और विरासत संरक्षण की जरूरतों को भी समझा और अनुभव साझा किए।

इवेंट में 1,500 से अधिक इंडियन डेलीगेट्स और लगभग 600-700 इंटरनेशनल डेलीगेट्स ने शिरकत किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने बिल्ट एनवायरनमेंट के भविष्य को लेकर क्रॉस-बॉर्डर डायलॉग, नॉलेज एक्सचेंज और कोलैबोरेशन के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म तैयार किया। की-नोट एड्रेसेस, टेक्निकल सेशंस, एक्ज़ीबिशंस, स्टूडेंट इंस्टॉलेशंस, अवॉर्ड्स और कॉम्पीटिशंस के माध्यम से फ़ोरम ने आर्किटेक्चर के तेजी से बदलते लैंडस्केप पर चर्चा की। जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई टेक्नोलॉजीज़ आर्किटेक्चरल प्रैक्टिस को बदल रही हैं, वहीं क्लाईमेट चेंज , कल्चरल आइडेंटिटी और सोशल नीड्स आर्किटेक्चर में कंटेक्स्ट और ह्यूमैनिटी पर नए सिरे से फोकस की मांग कर रहे हैं। कीनोट सेशन 'मोर देन वर्नेक्युलर– आर्किटेक्चरल ह्यूमैनिटी इन द ऐज ऑफ़ एआई' में आर्किटेक्चरल डिज़ाइन पर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और इस सवाल पर चर्चा हुई कि प्रोफ़ेशन ऑटोमेशन को अपनाते हुए अपनी ह्यूमन डायमेंशन को किस तरह बनाए रख सकता है।

सिडनी से शांघाई तक के इंटरनेशनल वर्क के उदाहरणों के माध्यम से सेशन में एआई-ड्रिवेन डिज़ाइन, रोबॉटिक फ़ेब्रिकेशन और ह्यूमन-मशीन कोलैबोरेशन को ऐसे टूल्स के रूप में देखा गया, जो आर्किटेक्चर में ह्यूमन वॉइस को रिप्लेस करने के बजाय उसे एक्सटेंड कर सकते हैं।

डिस्कशन में ऐसे भविष्य की कल्पना की गई जहां टेक्नोलॉजी बॉर्डर्स के पार बीलोंगिंग के नए फॉर्म्स तैयार कर सके, साथ ही कल्चरल प्लरालिटी , ह्यूमन कनेक्शन और सेंस ऑफ़ प्लेस को भी बनाए रखे। टेक्निकल सेशन 'हीट, विंड, शेड : डिजाइनिंग बिल्डिंग्स दैट ब्रीथ' में गर्मी, नमी , धूल , बारिश और सीजनल एक्सट्रीम्स के प्रति आर्किटेक्चर की रिस्पॉन्स पर चर्चा की गई। ओरिएंटेशन , शेडिंग , कोर्टयार्ड्स , नेचुरल वेंटिलेशन और पैसिव कूलिंग जैसे ऐप्रोचेस को क्लाइमेट -रेस्पॉन्सिव डिज़ाइन के महत्वपूर्ण टूल्स के रूप में रेखांकित किया गया।

फ़ोरम में आर्किटेक्चरल एजुकेशन के भविष्य पर भी चर्चा हुई। 'टिचिंग द ग्राउंड ब्रमेकिंग डिज़ाइन एजुकेशन मोर रियल' सेशन ने आर्किटेक्चरल एजुकेशन को मैटेरियल्स , लेबर, क्लाइमेट , कम्युनिटीज़ और कंस्ट्रक्शन की ग्राउंड रियलिटीज़ से अधिक क्लोज़ली कनेक्ट करने की आवश्यकता पर जोर दिया। रिसर्च , फ़ील्डवर्क, मैपिंग , प्रोटोटाइपिंग और मेकिंग को ऐसे क्रिटिकल मेथड्स के रूप में हाईलाइट किया गया, जो डिज़ाइन एजुकेशन को केवल इमेज़-ड्रिवेन आउटपुट से आगे ले जाकर आर्किटेक्चर की अधिक ग्राउंडेड अंडरस्टैंडिंग विकसित कर सकते हैं।

फ़ोरम में प्रोफेशनल प्रैक्टिस और आर्किटेक्चरल एजुकेशन में एक्सीलेंस को आर्केशिया अवॉर्ड्स फ़ॉर आर्किटेक्चर, आर्केशिया स्टूडेंट डिज़ाइन कम्पटीशन और आर्केशिया थीसिस ऑफ़ द ईयर के माध्यम से सम्मानित किया गया। आर्केशिया अवॉर्ड्स ने रेज़िडेंशियल, कमर्शियल, इंस्टिट्यूशनल, सोशल एंड कल्चरल, इंडस्ट्रियल, कांजेर्वेशन, एडेप्टिव रियूज और इंटीग्रेटेड डेवलप्मेंट कैटेगरीज़ में आउटस्टैंडिंग कंप्लीटेड प्रोजेक्ट्स को रिकॉग्नाइज़ किया। इसके साथ सोशली रेस्पोंसिबल आर्किटेक्चर और सस्टेनेबिलिटी के लिए स्पेशल रिकॉग्निशन्स भी दिए गए। आर्केसिया स्टूडेंट डिज़ाइन कम्पटीशन में इमर्जिंग टैलेंट को गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज अवॉर्ड्स के माध्यम से सम्मानित किया गया। वहीं आर्केसिया थीसिस ऑफ़ द ईयर ने रिसर्च एक्सीलेंस को थीसिस ऑफ़ द ईयर- गोल्ड , हाईएस्ट सोशल रिलीवेंस, हाईएस्ट इनोवेशन एंड ओरिजिनैलिटी और हाईएस्ट वर्ल्ड ओरिएंटेशन जैसी कैटेगरीज़ के माध्यम से सेलिब्रेट किया।

पाकिस्तान को पान निर्यात में बड़ी गिरावट, श्रीलंका के किसानों पर संकट के बादल : रिपोर्ट

नई दिल्ली | एजेंसी

टैरिफ और रेगुलेटरी रुकावटों के बीच श्रीलंका के पान निर्यात सेक्टर को पाकिस्तान को होने वाले शिपमेंट और डॉलर की कमाई में भारी गिरावट का सामना करना पड़ा है, जो उसका मुख्य पान बाजार है।

'श्रीलंका गार्डियन' की रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापार और कृषि एजेंसियों के बीच तालमेल की कमी से किसानों के लिए जरूरत से ज्यादा उत्पादन का जोखिम पैदा हो सकता है। पाकिस्तान को होने वाला निर्यात 2019 में 4,387.02 मीट्रिक टन से घटकर 2024 में 2,250.99 टन रह गया, और इसी दौरान निर्यात से होने वाली कमाई 17.77 मिलियन डॉलर से गिरकर 9.27 मिलियन डॉलर हो गई। 2025 में थोड़ी रिकवरी हुई और मात्रा 3,336.18 टन तथा रेवेन्यू 13.39 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया, लेकिन ये आंकड़े 2019 के स्तर से काफी नीचे रहे। ऐसा तब हुआ जब मुफ्त प्लांटिंग मटीरियल और इन्वेस्टमेंट सब्सिडी के जरिए 2025 तक खेती का रकबा 44 प्रतिशत बढ़कर 1,676 हेक्टेयर हो गया था।

रिपोर्ट में कहा गया, 'यह खेती के रकबे और निर्यात से होने वाली कमाई के बीच एक साफ विरोधाभास को दिखाता है। इसके अलावा, 2022-2023 के दौरान अमेरिकी डॉलर में कमाई घटने के बावजूद एलकेआर (श्रीलंकाई रुपया) रेवेन्यू में जो बढ़ोतरी हुई, वह मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले श्रीलंकाई रुपये की कीमत घटने की वजह से थी।' निर्यातकों ने बाजार तक पहुंच खोने के बारे में श्रीलंका के वाणिज्य विभाग के सामने चिंता जताई, लेकिन निर्यात कृषि विभाग ने कहा कि उसके विकास या रिसर्च डिवीजन ने पान के निर्यात पर पाकिस्तान के टैरिफ और आयात प्रतिबंधों के असर को लेकर कोई स्टडी नहीं की है। यह चिंता 28 जनवरी 2026 को वाणिज्य सचिव स्तर की बातचीत और 1 जुलाई, 2026 को व्यापार, निवेश और ऑटो सेक्टर पर संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक के दौरान पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के सामने भी रखी गई थी।

रिपोर्ट में आग्रह किया गया है कि श्रीलंका के पान निर्यात सेक्टर को बचाने के लिए वाणिज्य विभाग और निर्यात कृषि विभाग के बीच उचित तालमेल सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है, 'एक्सपोर्टर्स के लिए टैरिफ से जुड़ी बाधाओं पर फील्ड स्टडी की जाए और पीएसएफटीए फ्रेमवर्क के तहत पाकिस्तान के रेगुलेटरी ड्यूटीज को 2030 तक टालने के बजाय जल्द हटाने के लिए डिप्लोमैटिक बातचीत को मजबूत किया जाए।

आरएमसी स्विचगियर्स लिमिटेड

रजिस्टर्ड ऑफिस: खसरा नंबर-163, 164, गांव-बड़ोदिया, तहसील-कोटखावदा, जयपुर, राजस्थान, भारत, 303908

कॉर्पोरेट ऑफिस: B-11 (B&C) मालवीय इंडस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302017

ई-मेल ID: info@rmcindia.in, cs@rmcindia.in, CIN: L25111RJ1994PLC008698

वेबसाइट: www.rmcindia.in, संपर्क नंबर: 0141-4031516

पोस्टल बैलेट और रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी का नोटिस

प्रिय सदस्यों,

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108, 110 और अन्य लागू प्रावधानों (यदि कोई हों), साथ ही कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ('लिस्टिंग विनियम'), इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड ('SS-2'), सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी पहले के परिपत्रों ('MCA परिपत्र') और अन्य लागू नियमों/विनियमों/दिशानिर्देशों/परिपत्रों/नोटिफिकेशन के अनुसार, आरएमसी स्विचगियर्स लिमिटेड ('कंपनी') पोस्टल बैलेट के माध्यम से, विशेष रूप से रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ('ई-वोटिंग') के जरिए, 12 सितंबर, 2026 के पोस्टल बैलेट नोटिस में बताए गए विशेष कामकाज पर कंपनी के सदस्यों की सहमति मांग रही है।

MCA परिपत्रों के अनुपालन में, पोस्टल बैलेट नोटिस के साथ व्याख्यात्मक बयान और ई-वोटिंग के निर्देश शनिवार, 12 सितंबर, 2026 को उन सभी सदस्यों को ई-मेल द्वारा भेजे गए हैं जिनकी ई-मेल ID कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के पास रजिस्टर्ड हैं। एजेंट (MUFG Intime India Private Limited (जिसे पहले Link Intime India Private Limited के नाम से जाना जाता था))।

पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट (https://www.rmcindia.in/) और CDSL की वेबसाइट (https://www.cdslindia.com/) पर उपलब्ध है। ये विवरण उस स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर लिस्टेड हैं, यानी BSE Limited (https://www.bseindia.com/) और NSE Limited (https://www.nseindia.com/)।

एक्ट की धारा 108 और 110, कंपनी (मैनेजमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22, और लिस्टिंग रेगुलेशन के रेगुलेशन 44 के प्रावधानों का पालन करते हुए, कंपनी शुक्रवार, 4 सितंबर, 2026 तक शेयर रखने वाले सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग ('रिमोट ई-वोटिंग') की सुविधा दे रही है ताकि वे ई-वोटिंग का उपयोग करके अपना वोट डाल सकें। इसके लिए कंपनी ने इष्टस्रुकी सेवाएं ई-वोटिंग एजेंसी के तौर पर ली हैं।

ई-वोटिंग रविवार, 13 सितंबर, 2026 को सुबह 09:00 बजे (IST) शुरू होगी और सोमवार, 12 अक्टूबर, 2026 को शाम 05:00 बजे (IST) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, शुक्रवार, 4 सितंबर, 2026 ('कट-ऑफ डेट') तक शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद CDSL द्वारा वोटिंग के लिए रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा और तय तारीख और समय के बाद इसकी अनुमति नहीं होगी। एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में उसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट-ऑफ डेट पर कंपनी की पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे। जिन सदस्यों की ई-मेल आईडी डिपॉजिटरी के पास रजिस्टर्ड नहीं हैं, वे भी पोस्टल बैलेट नोटिस में दी गई ई-वोटिंग प्रक्रिया का पालन करके अपना वोट डाल सकते हैं।

किसी भी सवाल के मामले में: helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें। सदस्य कंपनी सेक्रेटरी को इस ईमेल एड्रेस पर भी लिख सकते हैं: cs@rmcindia.in.

बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने पोस्टल बैलेट वोटिंग प्रोसेस को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के लिए प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी, CS मेघा खंडेलवाल (FCS: 10237) को स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया है।

रिमोट ई-वोटिंग के नतीजे बुधवार, 14 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। घोषित नतीजों और स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट को सदस्यों की जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट (www.rmcindia.in), CDSL की वेबसाइट (https://www.cdslindia.com/) और उस स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर डाला जाएगा जहां कंपनी के शेयर लिस्टेड हैं, यानी BSE लिमिटेड (https://www.bseindia.com/) और NSE लिमिटेड (https://www.nseindia.com/)।

जिन सदस्यों को पोस्टल बैलेट नोटिस नहीं मिला है, वे इसकी डुप्लीकेट कॉपी पाने के लिए कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस या रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट को लिख सकते हैं, या इसे कंपनी की वेबसाइट www.rmcindia.in या CDSL की वेबसाइट https://www.cdslindia.com/ से डाउनलोड कर सकते हैं।

इस संबंध में सभी बातचीत/सवाल हमारे RTA, MUFG Intime India Private Limited (जिसे पहले Link Intime India Private Limited के नाम से जाना जाता था) को उनके ईमेल एड्रेस rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर भेजे जाने चाहिए।

बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के आदेश से
आरएमसी स्विचगियर्स लिमिटेड के लिए
CS शिवानी बेरोठी
कंप्लायंस ऑफिसर और कंपनी सेक्रेटरी
मेंबरशिप: A42636

तारीख: 12 सितंबर, 2026
स्थान: जयपुर